# सात लाख करोड़ की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी पूरी : नन्दी

**राब्यू, लखनऊ :** ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत राज्य सरकार को 38.50 लाख करोड़ रुपये निवेश के 26 हजार समझौता ज्ञापन (एमओयू) प्राप्त हुए हैं, जिनमें सात लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी पूरी हो चुकी है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 15 लाख करोड़ के प्रस्तावों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विधान परिषद में मंगलवार को प्रश्नकाल में यह जानकारी दी।

उन्होंने सपा के आशुतोष सिन्हा के प्रश्न पर बताया कि वर्ष 2018 में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के दौरान 4.28 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर हुए थे। इनमें 1,28,625.56 करोड़ रुपये की 843 परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं।

**कृषि विश्वविद्यालयों के रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे :** कृषि व प्रौद्योगिक विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर निर्दल सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी के प्रश्न पर कृषि शिक्षा व अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में संचालित चार सरकारी व एक निजी कृषि व प्रौद्योगिक विवि में जल्द भर्तियां होंगी। सपा के डा.मान सिंह यादव के रोजगार को लेकर पूछे गए प्रश्न पर मंत्री नन्दी ने बताया कि औद्योगिक विकास विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में 47,916 लोगों को रोजगार दिलाया गया।

**विधान परिषद : प्रश्न काल**



विधानमंडल सत्र के दौरान डिजिटल स्क्रीन पर नई नियमावली देखते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना • जागरण

## पटल पर रखे चार अध्यादेश

विधान परिषद के पटल पर माल और सेवाकर (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) अध्यादेश 2023, उप्र राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश 2023 तथा उप्र शीरा नियंत्रण (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश 2023 रखे गए।

**खेल मंत्री पर आक्षेप को लेकर जताई कड़ी आपत्ति :** सपा के मुकुल यादव द्वारा इटावा के सैफई स्थित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कालेज में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं को लेकर पूछे गए प्रश्न पर खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने उत्तर तो दिया पर उसका विवरण संलग्न नहीं था। सभापति ने इसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री को इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान सपा सदस्य ने मंत्री पर भ्रष्टाचार को लेकर आक्षेप लगाया, जिस पर नेता सदन व अन्य सदस्यों ने आपत्ति जताई। सभापति ने व्यक्तिगत आक्षेप को सदन की कार्यवाही से बाहर कर दिया।

**प्रधानमंत्री के प्रति जताई कृतज्ञता**
सदन में दिल्ली में हुए 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता जताई गई। चंद्रयान-तीन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री व सभी भारतीय अंतरिक्ष संगठन के वैज्ञानिकों के प्रति भी आभार जताया गया।

**फोन बजने पर टोका :** विधान परिषद की कार्यवाही के दौरान एक सदस्य का मोबाइल फोन दो बार बजा। सभापति कुंवर मान्वेन्द्र सिंह ने सभी सदस्यों को फोन स्विच आफ अथवा साइलेंट मोड पर रखने की सलाह दी। कहा कि सदस्य ध्यान रखें कि विधान सभा सदस्यों पर सदन में मोबाइल फोन लाने पर रोक लगा दी गई है।